FACULTY OF STUDIES
BSF Academy, Tekanpur
Phone 07524-274100, 200, 300/ Extn 321

**प्रेस नोट**

संख्या-**1070** / प्रेसनोट/अ0सं0/2025/ दिनांक 8th मार्च 2025

## सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में सहायक कमाण्डेंट (सीधी भर्ती) क्रमांक- 51 की भव्य दीक्षांत परेड का आयोजन

सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर में दिनांक 08 मार्च 2025 को सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) क्रमांक-51 की भव्य दीक्षांत परेड़ समारोह का आयोजन, अकादमी टेकनपुर के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई परेड स्थल में किया गया। इस परेड में 01 महिला प्रशिक्षु अधिकारी सहित कुल 23 प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्य अतिथि **श्री संजय सिंघल, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक (मानव संसाधन), सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय** को सलामी देते हुये एक शानदार परेड का प्रर्दशन किया। इस परेड के कमाण्डर प्रशिक्षु अधिकारी श्री सोहेल चौधरी तथा सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्य अतिथि श्री संजय सिंघल के समक्ष देश के संविधान के प्रति एकता, अखण्डता व सम्प्रभुता को बनाये रखने के लिये अपने आपको समर्पित करने की शपथ ली।

मानसिक सजगता, शारीरिक योग्यता तथा बुद्धि की तीक्ष्णता के आधार पर अखिल भारतीय खुली स्पर्धा के माध्यम से चुने गए इन युवा अधिकारियों में 10 स्नातक तथा 13 स्नात्कोत्तर की शैक्षणिक योग्यता रखते हैं। इन प्रशिक्षु अधिकारियों की औसत आयु 26.09 वर्ष है। पास आऊट होने वाले अधिकारी देश के अलग-अलग राज्यों से संबंध रखते हैं।

अकादमी के कार्यवाहक निदेशक एवं महानिरीक्षक श्री ब्रजेश कुमार, अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डर उप महानिरीक्षक श्री नारायण चन्द, उप महानिरीक्षक श्री जसबीर सिंह, कमाण्डेंट श्री संजय टंडन, कमाण्डेंट एवं अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र की प्रशिक्षण टीम के कुशल मार्गदर्शन में इन अधिकारियों ने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने आपको देश की सीमाओं की देखभाल के लिए सक्षम बनाया है।

इन प्रशिक्षु अधिकारियों को 52 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण की भट्टी में फौलाद की तरह तपाकर सीमा सुरक्षा बल की कुशल प्रशिक्षण टीम ने इन्हें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, युद्ध कौशल, निशानेबाजी, बिना हथियार लड़ने की कला, विधि व कानून, मानवाधिकार अधिनियम, सीमा सुरक्षा



अतुल 8/3/25

बल की रोजमर्रा की कार्यवाही, आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग, सीमा की निगरानी, आतंकवाद व उग्रवादियों से लड़ने जैसे विषयों के साथ वाहन चलाना, कम्प्युटर प्रशिक्षण, तैराकी, घुड़सवारी और एडवेन्चर ट्रेनिंग का भी गहन प्रशिक्षण दिया गया है। ट्रेनिंग के दौरान इनके व्यक्तित्व को संवारने, चरित्र निर्माण तथा नेतृत्व क्षमता को विकसित करने पर विशेष कार्यक्रम चलाये गये हैं। सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) प्रशिक्षुओं को देश के विभिन्न सीमान्तों की सीमाओं का दौरा (बार्डर टूर) भी करवाया गया है।

परेड का प्रारम्भ करते हुये परेड ने सर्वप्रथम अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डर श्री नारायण चन्द, उप महानिरीक्षक को सलामी प्रदान की। उसके बाद **श्री ब्रजेश कुमार, कार्यवाहक निदेशक/महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल अकादमी** को सलामी प्रदान की। इस अवसर पर **मुख्य अतिथि श्री संजय सिंघल, भा.पु.से., विशेष महानिदेशक (मानव संसाधन), सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय** ने सबसे पहले अजेय प्रहरी/शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरान्त वीरांगना लक्ष्मीबाई परेड स्थल पहुँच कर परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल आये निम्न प्रशिक्षु अधिकारियों को ट्राफियां वितरित की।

| **क्र. सं.** | **ट्राफी का नाम** | **सहायक कमाण्डेंट (सीधी भर्ती)** |
|---|---|---|
| 1. | स्वार्ड ऑफ ऑनर (ऑल राउण्ड सर्वोत्तम) | श्री अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक कमाण्डेंट |
| 2. | गृहमन्त्री ट्रॉफी (बाहरी प्रशिक्षण में सर्वोत्तम) | श्री अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक कमाण्डेंट |
| 3. | महानिदेशक ट्रॉफी (आंतरिक प्रशिक्षण में प्रथम) | श्री सत्य नारायण, सहायक कमाण्डेंट |
| 4. | निदेशक बेटन ट्रॉफी (ड्रिल में प्रथम) | श्री सोहेल चौधरी, सहायक कमाण्डेंट |
| 5. | निदेशक ट्रॉफी (निशानेबाजी में प्रथम) | श्री राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहायक कमाण्डेंट |

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन भाषण में युवा अधिकारियों को बताया कि आपकी परेड बहुत ही शानदार है, आपका टर्नआउट, जोश व प्रदर्शन बहुत ही ऊँचे दर्जे का है इससे इस बात का पता लगता है कि आपकी ट्रेनिंग पर प्रशिक्षकों ने बहुत ध्यान दिया है। मैं, अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एंव उनकी प्रशिक्षण टीम को बधाई देता हूँ, जिन्होंने आपको एक सामान्य व्यक्ति से एक दृढ़ तथा योग्य लीडर के रूप में निखारा है। साथ ही महोदय ने प्रशिक्षु अधिकारियों के माता-पिता को अपने बच्चों को देश सेवा में समर्पित करने के लिये धन्यवाद दिया। परेड़ के उपरान्त मुख्य अतिथि श्री संजय सिंघल पिपिंग सेरेमनी में प्रशिक्षु अधिकारियों और उनके अभिभावकों से मिले।

नोट:- प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।



अतुल 8/3/25

इस दीक्षांत परेड में सीमा सुरक्षा बल अकादमी में पदस्थ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और कार्मिकों के अतिरिक्त प्रशिक्षु अधिकारियों के परिवारजन और ग्वालियर और डबरा के मीडिया कर्मी/पत्रकार भी शामिल हुये। परेड के समाप्त होने के पश्चात् उपस्थित अभिभावकों तथा दर्शकों के मनोरंजन के लिये शानदार श्वान प्रर्दशन किया गया जिसका सभी दर्शकों ने बहुत आनन्द और लुत्फ उठाया।

अतुल 8/3/25

(अतुल यादव) दवितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक (अध्ययन संकाय)
सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर

नोटः- प्रकाशन करते समय कृपया अधिकारियों के नाम पद व रैंक का विशेष ध्यान रखा जाये ।